# B.J. DUPLEX BOARDS LIMITED

Regd. Office : H. No. 83, 3rd Floor, Chawri Bazar, Delhi-110006
Ph. : 011-42141100, 011-30251171, sbj@anandpulp.com
CIN: L21090DL1995PLC066281

May 28th, 2019

To,

The Secretary
BSE Limited
The Stock Exchange, Mumbai
Corporate Relationship Department
Phiroze Jeejeebhoy Tower,
Dalal Street,
Mumbai- 400001

**ISIN: INE265C01017 – B J DUPLEX BOARDS LIMITED**

**Sub: Intimation under Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir,

In pursuant to Regulation 47 (1) (b) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Please find enclosed copies of Audited Standalone Financial Results of the company for the fourth Quarter and Financial Year ended on March, 31st 2019 published in newspaper viz. Financial Express (English Newspaper) & haribhoomi (Hindi Newspaper) on May 28th 2019.

This is for your information and records.

Kindly take the same on your record.

Thanking you,

Yours faithfully,

For B J DUPLEX BOARDS LIMITED

DIVYA MITTAL
Company Secretary & Compliance Officer

Scanned by CamScanner

## खबर संक्षेप



### निगम कर्मियों का सातवें दिन भी प्रदर्शन जारी

**फरीदाबाद।** नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को सातवें दिन भी निगम मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। नाराज कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि बुधवार तक निगम प्रशासन ने ब्याज मुक्त गेहूं ऋण देने का प्रबंध नहीं किया तो बुधवार को टूल डाऊन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### इंजीनियरिंग के छात्रों को मिलेगा लाभ, हुआ करार



**फरीदाबाद।** मानव रचना विश्वविद्यालय और यूएस की जानी-मानी कंपनी आल्टएयर इंजीनियरिंग एवं डिजाइनटेक लिमिटेड के बीच एमओयू साइन किया गया। आल्टएयर इंजीनियरिंग और डिजाइनटेक लिमिटेड की ओर कैंपस में छात्रों के लिए एक्सिलेंस सेंटर स्थापित किया जाएगा। इंजीनियरिंग के अलग-अलग कोर्सिस में पढ़ने वाले छात्र इसका लाभ उठा सकेंगे। इस एक्सीलेंस सेंटर के अंतर्गत लैब क्लासिस, ज्वाइंट रिसर्च प्रोजेक्ट्स, शॉर्ट टर्म प्रोग्राम, आल्टएयर इंजीनियरिंग के नए कर्मचारियों के इंडक्शन कार्यक्रम जैसे कार्य किए जाएंगे। इस दौरान मानव रचना यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ. आईके भट्ट ने कहा है कि मानव रचना रचनात्मक विकास में विश्वास रखता है। नए एक्सीलेस सेंटर की स्थापना से इसे और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताए कोर्स का पाठ्यक्रम प्रारूप इंडस्ट्री और अकादमिया द्वारा किया जाएगा

### ग्रामीणों ने स्कूल के गेट पर जड़ा ताला

**फरीदाबाद।** शिक्षकों के अभाव में ग्रामीणों ने खंदावली स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव खंदावली में छात्र-छात्राओं की संख्या 11 सौ है। यह गांव मेव बाहुल्य है। नियम के अनुसार स्कूल में 30 शिक्षक होने चाहिए। जबकि स्कूल में सिर्फ अभी तक 12 शिक्षक हैं। स्कूल में हिन्दी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, शारीरिक शिक्षा के शिक्षक नहीं हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पाती है। स्कूल में नौवीं से 12 तक पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं है। खंदावली के सरपंच निसार अहमद का कहना है कि हमने शिक्षकों की कमी के बारे में विधायक टेकचंद शर्मा से कई बार मांग की है। जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित में प्रस्ताव सौंपा है। कोई भी शिक्षकों की कमी को पूरा करने के बारे में कार्रवाई नहीं कर पाया है।

### राजेन्द्र बने सफाई शाखा स्टाफ यूनियन के प्रधान

**फरीदाबाद।** नगर निगम हरियाणा की इकाई सफाई शाखा स्टाफ यूनियन के त्रिवार्षिक सम्मेलन में राजेन्द्र दहिया सहायक सफाई निरीक्षक को सर्व सम्मानित से प्रधान चुना गया तथा दीपचंद सहायक सफाई निरीक्षक को सचिव चुना गया।

### लक्ष्मण बने चौथी बार आर्य समाज के प्रधान

**गुरुग्राम।** आर्य समाज अर्जुन नगर के वार्षिक अधिवेशन का आयोजन अर्जुन नगर स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें आर्य समाज से जुड़े सदस्य व पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। संस्था के प्रवक्ता ने बताया कि आर्य समाज के मंत्री श्याम सुंदर आर्य ने वर्ष 2018-19 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्ति की। संस्था की गतिविधियों से भी अवगत कराया गया। संस्था के चुनाव भी कराए गए, जिसमें सर्वसम्मति से लक्ष्मण पाहूजा को चौथी बार प्रधान चुना गया।

## मामले में दो पुलिसकर्मी निलंबित, तीन एसपीओ बर्खास्त

# थाने में महिला की बेल्ट से पिटाई का वीडियो वायरल

**हरियाणा पुलिस की शर्मनाक हरकत सामने आयी है, वीडियो वायरल होने पर पुलिस आयुक्त ने लिया त्वरित संज्ञान**

हरिभूमि न्यूज/एजेंसी ▶▶| फरीदाबाद

आदर्श नगर थाने में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा थाना परिसर में एक महिला की बेल्ट से पिटाई का वीडियो वायरल होने पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त ने आरोपित दो हेड कांस्टेबल बलदेव और रोहित को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही तीन एसपीओ कृष्ण, हरपाल और दिनेश को बर्खास्त कर दिया है।

घटना पिछले साल अक्टूबर 2018 की है। आदर्श नगर पुलिस को एक सूचना मिली थी कि पार्क में एक आदमी और औरत कुछ गलत काम कर रहे है, जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस को देख कर व्यक्ति फरार हो गया था और वहां मौजूद महिला को थाने लाकर पूछताछ में पुलिसकर्मियों ने अभद्र व्यवहार किया और बेल्ट से मारपीट की थी। इसी मारपीट का एक वीडियो अब वायरल हुआ है।

यह वीडियो चार मिनट 24 सेकेंड का है। वीडियो में पुलिसकर्मी महिला को बेल्ट से पीटते हुए दिख रहे हैं। इसे देखकर लगता है कि पुलिस थाने में महिला की पिटाई शाम के वक्त की गई थी। महिला कुछ कह रही है लेकिन पुलिसकर्मी पिटाई करना बंद नहीं करते।



### 'जांच का विषय'



यह वीडियो किसने बनाई, तब की बजाय, अब कैसे सामने आया, यह जांच का विषय है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। महिला की तरफ से भी कोई शिकायत नहीं मिली है। सभी पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी महिला से केवल महिला पुलिसकर्मी ही पूछताछ कर सकती है।

-संजय कुमार, पुलिस आयुक्त

### आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

पुलिस आयुक्त संजय कुमार के अनुसार उनके संज्ञान में मामला आने के बाद इस पर त्वरित कार्रवाई की गई है। थाना के ही अतिरिक्त एसएचओ राजेंद्र सिंह की शिकायत पर हेड कांस्टेबल बलदेव और रोहित समेत तीन एसपीओ कृष्ण, हरपाल और दिनेश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह मामला उसी थाने में दर्ज हुआ है, जिसमें यह पुलिस कर्मी तैनात थे।

### कानून के मुताबिक नहीं थी कार्रवाई

पुलिस आयुक्त के अनुसार, पुलिसकर्मियों के द्वारा किया गया कार्य अशोभनीय और नियमों के विरुद्ध है ऐसे कार्य से पुलिस की छवि धूमिल होती है। नियमानुसार पुलिसकर्मियों को ऐसी शिकायत मिलने पर महिला पुलिस का सहयोग लेना चाहिए था और जांच और पूछताछ भी महिला पुलिस कर्मी द्वारा ही की जानी चाहिए थी। जो नहीं की गई।

### पीड़िता की तलाश जारी दर्ज किए जाएंगे बयान

पुलिस आयुक्त के प्रवक्ता सूबे सिंह के अनुसार पीड़ित महिला की तलाश की जा रही है, उससे संपर्क करके बयान दर्ज किए जाएंगे और मामले की गहनता से पूछताछ कर जांच की जाएगी और पीड़ित महिला को हरसंभव न्याय दिलवाया जाएगा। महिला आयोग की सदस्य रेनू भाटिया ने भी पुलिस आयुक्त मुलाकात कर मामले की उचित जांच व कार्रवाई की मांग की थी।

# पारंपरिक टोपी पहनने पर युवक की पिटाई

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम



- चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज
- क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही पुलिस

हरियाणा के गुड़गांव में एक पारंपरिक टोपी पहनने पर चार अज्ञात युवकों ने 25 वर्षीय एक मुस्लिम युवक की कथित तौर पर पिटाई कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पीड़ित की पहचान बिहार निवासी मोहमद बरकर आलम के रूप में हुई है। वह शहर के जोकबपुरा इलाके में रहता है। रविवार को पुलिस को दी गई शिकायत में आलम ने आरोप लगाया कि सदर बाजार लेन में चार अज्ञात युवकों ने उसे टोका और उसके टोपी पहनने पर आपत्ति जताई। सदर थाने में दर्ज प्राथमिकी में युवक ने कहा कि आरोपी ने मुझे धमकी दी, कहा कि इलाके में टोपी पहनने की अनुमति नहीं है। उन्होंने मेरी टोपी हटा दी और मुझे थप्पड़ मारा और मुझे भारत माता की जय बोलने को कहा। उन्होंने बताया कि मैंने उनके निर्देश का पालन किया और भारत माता की जय कहा, उन्होंने मुझे जय श्री राम कहने को कहा जिससे मैंने इनकार कर दिया। इस पर, युवकों ने सड़क किनारे से एक लाठी उठाई और मुझे पीटना शुरू कर दिया।

### आरोपियों को पकड़ने के किए जा रहे हैं प्रयास

गुरुग्राम शहर के एसीपी राजीव कुमार ने बताया कि हमें घटना की शिकायत मिली है। सदर थाने में धारा 153, 147, 149, 323 और 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। हमने व्यक्ति का चिकित्सा परीक्षण भी कराया है। भारतीय दंड संहिता की धारा 153 विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच दुश्मनी पैदा करने से संबंधित है जबकि धारा 147 और 149 क्रमशः दंगों और गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने के अपराधों संबंधित है।



### गौतम गंभीर ने की घटना की निंदा

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर ने गुरुग्राम में हुए कथित हमले की सोमवार को निंदनीय करार दिया और प्राधिकारियों से इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की अपील की। गंभीर ने ट्वीट किया, 'गुरुग्राम में एक मुस्लिम व्यक्ति से टोपी उतारने, जय श्री राम का उद्घोष करने को कहा गया। यह निंदनीय है।'

## नगर निगम ने सड़क निर्माण में बाधा बन रहे मकान ढहाए



**फरीदाबाद।** भगत सिंह चौक से सेक्टर 21 जाने वाली सड़क के निर्माण में बाधा बन रहे अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने सोमवार को तोड़फोड़ अभियान चलाया। भारी पुलिस बल के साथ निगम के दस्ते ने नगर निगम दफ्तर से कुष्ठ कॉलोनी तक करीब तीस मकान, दुकान, चेरिटेबल दवाखाना, धार्मिक स्थल आदि गिराए। कुष्ठ आश्रम कॉलोनी के पास विरोध को देखते हुए अभियान रोकना पड़ा। इन लोगों को जमीन खाली करने का कुछ दिन का समय दिया जाएगा।

औद्योगिक नगरी की मुख्य सड़कों को चार और छह लेन में तब्दील करने का काम किया जा रहा है। इसके तहत भगत सिंह चौक से गांधी कॉलोनी होते हुए सेक्टर 21 जाने वाली सड़क को भी चौड़ा किया जाना है। सड़क निर्माण में करीब 300 मीटर के टुकड़े में सरकारी जमीन पर बनाए गए अवैध निर्माण आड़े आ रहे थे। सोमवार को निगम का तोड़फोड़ दस्ता भारी पुलिस बल के साथ पहुंचा। टीम ने नगर निगम के क्षेत्रीय कार्यालय के सामने किए गए अतिक्रमण से तोड़फोड़ की शुरूआत की। टीम ने एक धार्मिक स्थल और निजी डेयरी के नाम पर घेरी गई दीवार तोड़ी।

# वेव सिटी बिल्डर की वादा खिलाफी के विरोध में 18 गांवों के किसान लामबंद

**लाइसेंस निरस्त करने की मांग, शर्तें नहीं मानी तो कार्यालय पर जड़ेंगे ताला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

वेव सिटी बिल्डर की तानाशाही व वादा खिलाफी के विरोध में डासना -मसूरी क्षेत्र के 18 गांवों के किसान लामबंद हो गए हैं, आरोप है कि कई वर्ष पहले वेव सिटी बिल्डर ने 18 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया था। उस समय तत्कालीन जीडीए उपाध्यक्ष के अध्यक्षता में एक लिखित समझौता हुआ था, जिसमें भूमि अधिगृहित किसानों को बाजार भाव पर मुआवजा देने के अलावा प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने तथा आवासीय प्लाट आवंटित करने समेत आदि शर्तें तय की गई थीं, लेकिन बिल्डर ने इनमें से किसी भी शर्त का पालन नहीं किया।




### 'जीडीए ने कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया'

सोमवार की दोपहर को आरडीसी में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में किसान संघर्ष समिति के संयोजक टीकम सिंह नगर व बनारसी दास शर्मा ने बताया कि इस समझौते तो लागू करने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का आदेश जीडीए अधिकारियों के पास है। इसके बावजूद आज तक वेव सिटी व जीडीए ने कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया। किसान नेताओं ने जीडीए प्रशासन व उत्तर प्रदेश शासन से वेव सिटी का लाइसेंस रद्द करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से अपनी मांगों के समर्थन में सभी 18 प्रभावित गांवों के किसान आंदोलन कर रहे हैं इसके बावजूद अभी तक उनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है।

## बदमाशों ने 65 लाख की नकदी लूटी

**नोएडा।** यहां जारचा थाना क्षेत्र में एनटीपीसी संयंत्र के पास तीन बदमाशों ने सोमवार की दोपहर एक दूध कंपनी के कैशियर, गनमैन और कार चालक से हथियारों के बल पर 65 लाख रुपये लूट लिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया कि बुलंदशहर के गुलावठी स्थित पारस मिल्क के कैशियर कमल, चालक नरेंद्र और गनमैन चंद्र प्रकाश कंपनी से 65 लाख रुपये लेकर गाजियाबाद स्थित एक बैंक में जमा कराने जा रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे जैसे ही ये लोग थाना जारचा क्षेत्र के एनटीपीसी पावर प्लांट के पास पहुंचे, तभी कार में सवार होकर आए अज्ञात बदमाशों ने ओवरटेक करके इनकी कार को रोक लिया। एसएसपी ने बताया कि बदमाशों ने कैशियर कमल को बंदूक की नोक पर अपने कब्जे में ले लिया, तथा उसके पास रखे 65 लाख रुपयों से भरा बैग लूट लिया।


## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **निवासीः** नामालूम, **उम्रः** 50 साल, **रंगः** सांवला, **कदः** 5'6'', **लिंगः** पुरूष, **पहनावाः** नीले रंग की शर्ट, नीले रंग की पैंट और ब्राउन रंग के जूते पहने है जो दिनांक **19.05.2019** को खारी बावली, लाहौरी गेट पुलिस स्टेशन क्षेत्र, दिल्ली में मृत अवस्था में मिला था। इस सम्बंध में **DD No. 24-A, दिनांक 19.05.2019** को **पुलिस स्टेशन, लाहौरी गेट, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत निम्नलिखित पते पर दें।

**थाना प्रमुख**
**पुलिस स्टेशन, लाहौरी गेट, दिल्ली**
**फोनः 011-23953776**

**DP/44/N/19**


### तीन हथियारबंद बदमाशों ने दिया अंजाम

## मीट कारोबारी से डेढ़ लाख लूटे



**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद की चौकी शहीद नगर क्षेत्र में सोमवार को चिकन शॉप के दुकानदार से तीन हथियारबंद बदमाशों ने डेढ़ लाख की नकदी लूट ली और फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार अब्दुल हाफिज पुत्र हफीज जी- 63 शहीद नगर निवासी अपनी अपने परिवार के साथ रहता है। अब्दुल हफीज टेलीफोन एक्सचेंज के सामने मीट की दुकान चलाता है। वह दुकान से घर जा रहा था रास्ते में टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर बदमाशों ने रुकने का इशारा किया और उसके मुंह पर हेल्मेट मारा और फोन व बाइक की चाबी छीन कर नाले में फेंक दी और हफीज को गन पॉइंट पर लेकर डेढ़ लाख रुपये लूट लिए।

### दो लुटेरे दबोचे

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र में 25 से लेकर 28 तक हुई लूट की घटनाओं का खुलासा कर दिया। पुलिस ने लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक तमंचा एक मोटरसाइकिल एक मोबाइल फोन व एक चाकू बरामद किया है।

### साथियों ने किया रोड जाम

## कैंटर की टक्कर से डिलीवरी ब्वाय मरा



**फरीदाबाद।** सेक्टर-7 के एक मकान में डिलीवरी देने जा रहे बाइक सवार जोमैटो के डिलीवरी ब्वाय को रविवार शाम को एस्कॉर्टस-मुजेसर मेट्रो स्टेशन के पास कैंटर ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल को बीके अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। साथी कर्मचारी की मौत होने पर प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग को लेकर सोमवार को उसके साथी कर्मचारी बीके चौक पर एकत्रित हो गए और वहां पर जाम लगा दिया। पुलिस ने समझाबुझाकर जाम खुलवा दिया।

### पं. नेहरू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

## कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की 55वीं पुण्यतिथि मनाई



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनन्द कौशिक ने सोमवार को यहां एनआईटी स्थित नीलम चौक स्थित भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनकी 55वीं पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक व प्रोफेशनल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ. सौरभ शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक आनन्द कौशिक ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। नेहरू जी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और भारत को आजादी दिलाने सबसे अहम योगदान दिया।

कौशिक ने कहा कि जब देश आजाद हुआ था तो देश के आर्थिक, सामाजिक और राजनितिक हालात बहुत ही खराब थे लेकिन नेहरू जी के कुशल नेतृत्व और विकासशील सोच के कारण ही भारत विश्व गुरू का दर्जा पाया।


## B J DUPLEX BOARDS LIMITED

REG. OFF.: H. NO. 83, 3RD FLOOR, CHAWRI BAZAR, DELHI-110 006
CIN: L21090DL1995PLC066281 E-MAIL: sbj@anandpulp.com

**Extract of Audited Standalone Financial Results for the Quarter and Financial Year Ended March 31, 2019** (INR IN LACS)

| Particulars | 3 Months Ended in Current Year 31.03.2019 (Audited) | 3 Months ended in Previous Year 31.03.2018 (Audited) | Current Year ended 31.03.2019 (Audited) | Previous Year Ended 31.03.2018 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| Total Income from Operations | 10.43 | - | 10.43 | 8.10 |
| Net Profit / (Loss) before Exceptional items and Tax | 7.93 | (1.28) | (9.73) | 3.30 |
| Net Profit / (Loss) after Exceptional items before Tax | 7.93 | (1.28) | (9.73) | 3.30 |
| Net Profit / (Loss) after Tax* | 7.93 | (1.89) | (9.73) | 2.69 |
| Total Comprehensive Income for the period (Net of Tax) | 7.93 | (1.89) | (9.73) | 2.69 |
| Equity Share Capital (Face value Rs. 1/- per share) | - | - | 37.66 | 503.97 |
| Other Equity | - | - | (105.21) | (561.79) |
| Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | |
| 1. Basic : | .15 | (.04) | (.19) | .05 |
| 2. Diluted: | .15 | (.04) | (.19) | .05 |

* There was no Extraordinary Items during the Quarter and year ended March 31st 2019

**Notes:**

1. The paid up equity capital of the Company was reduced to 51,81,200 equity shares of Rs. 1 each from existing 51,81,200 of Rs. 10 each/- pursuant to admission of corporate action by Central Depository Services Limited and National Securities Depository Limited and subsequent cancellation of share certificate by the Registrar during the quarter ended 31st December, 2018. The reduction of Capital was effected through the order of Hom'ble High Court, pronounced on 29th August, 2016. The effect of the reduction has been given as under:

| | Amount (Rs. In Lakhs) |
|---|---|
| Equity Share Capital | |
| 5181200 equity shares of Rs. 10,- each | 518.12 |
| Share Capital pursuant to order of Hom'ble High Court | |
| 5181200 Shares of Rs. 1/- each | 51.81 |
| Effective Reduction of Share Capital | 466.31 |

The balance of Rs. 466.31 lakh arising from reduction of share capital has been adjusted through Debit balance of Retained Earnings.

2. The above audited financial results for the quarter and year ended on March 31, 2019 have been reviewed by the Audit Committee and have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 27th May 2019
3. The figures for the quarter ended March 31, 2019 represents the derived figures between the audited figures in respect of the year ended 31st March, 2019 and the un-audited published period to date figures upto December 31st, 2018, which was subjected to a limited review.
4. The corresponding financial information for the quarter ended March 31, 2018 represents the derived figures between the audited figures in respect of the year ended 31st March, 2018 and the un-audited published period to date figures upto December 31st, 2017, which was subjected to a limited review, as adjusted for differences in accounting principles adopted by the Company on transition to IND-AS.
5. The above is an extract of the detailed format of Quarterly and yearly Audited financial results filed with the stock exchange under regulation 33 of SEBI (LODR) 2015. The full format of the quarterly and yearly Audited financial results is available on the Company's website (www.bjduplexboard.com) and on the stock exchange website(www.bseindia.com)

FOR AND ON BEHALF OF BOARD OF
B J DUPLEX BOARDS LIMITED
Sd/-
SATYA BHUSHAN JAIN
WHOLE TIME DIRECTOR
DIN: 00106272

Place : Delhi
Date: 27th May,2019


## कैलाश चंद्र एडवोकेट ने दी चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी

# 'सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम



प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों व कमजोर वर्ग के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए कई संस्थाओं द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में सामाजिक संस्था मिशन ऑफ एजूकेशन द्वारा श्रमिकों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था से जुड़े कैलाश चंद्र एडवोकेट ने श्रमिकों को श्रमिक संगठनों का पंजीकरण व सरकार द्वारा चलाई जा रही श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि संगठित रहकर ही अपने अधिकारों को प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि श्रमिकों को मातृत्व लाभ 36 हजार, पितृत्व लाभ 21 हजार, कन्यादान योजना लाभ 51 हजार, लड़के के विवाह पर 21 हजार, बच्चों की शिक्षा के लिए 8 से 51 हजार, मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना 5100, सिलाई मशीन योजना 3500, औजार के लिए आठ हजार, साइकिल के लिए तीन हजार, पैतृक गृह जाने का किराया, मुफ्त भ्रमण योजना, स्वास्थ्य योजना 50 हजार, घातक बीमारियों व अक्षम बच्चों के लिए सहायता, पेंशन स्कीम, अपंगता सहायता योजना, मृत्यु और मजदूर को सहायता राशि, सामाजिक सुरक्षा योजना पांच लाख, दाह संस्कार योजना, मकान बनाने के लिए दो लाख रुपए की सहायता राशि जैसी कई योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। श्रमिकों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। लाभ किस प्रकार लिया जाए, इसकी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में मंजू देवी, रामीचंद, सावित्री, आशा, रेखा, सुषमा, बबिता, ज्वाला आदि मौजूद रहे।

### श्रमिक यूनियन की सभा आयोजित

**गुरुग्राम।** कपारो मारुति श्रमिक यूनियन की आम सभा यूनियन प्रधान नरेश कुमार की अध्यक्षता में कमला नेहरु पार्क में हुई। जिसमें यूनियन से जुड़े सदस्य व पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। आम सभा में श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार को भी आमंत्रित किया गया था। यूनियन के हरि प्रकाश ने श्रमिकों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार श्रमिक विरोधी कानून बनाकर श्रमिकों के हितों पर कुठाराघात कर रही है। इन कानूनों की आड़ में प्रबंधन श्रमिकों का शोषण करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि यूनियन ने निर्णय लिया है कि श्रमिकों व कर्मचारियों से जुड़े आंदोलन को यूनियन पूरी तरह से सहयोग करेगी। कामरेड अनिल पंवार ने कहा कि श्रमिकों को संगठित होना पड़ेगा। एकता के बल पर ही श्रमिकों के हितों की लड़ाई लड़ी जा सकती है। उन्होंने कहा कि कई औद्योगिक क्षेत्रों स्थित श्रमिक संगठनों से संपर्क कर श्रमिकों से जुड़ी समस्याओं व उनकी मांगों के लिए बड़ा आंदोलन शुरु किया जाएगा। एटक ने सदैव श्रमिकों के हितों की वकालत की है और भविष्य में भी श्रमिकों के हितों की किसी भी प्रकार से अनदेखी नहीं की जाएगी। आमसभा को श्रमिक नेताओं नरेंद्र, संजय कुमार, सोमदत्त, प्रदीप, सूबे, सुभाष, विजय कुमार, उदयवीर, संतोष सैनी, पंकज, उमेश कुमार, संतोष कुमार आदि ने भी संबोधित किया।



